राजभाषा प्रभाग
मोतीलाल नेहरू राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान इलाहाबाद
प्रयागराज-211004 (भारत)
Rajbhasha Prabhag
Motilal Nehru National Institute of Technology Allahabad
Prayagraj-211004 (India)

# कार्यवृत्त

**विषय: मोतीलाल नेहरू राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान की दिनांक 20 दिसम्बर, 2022 को आयोजित राजभाषा कार्यान्वयन समिति की तिमाही बैठक का कार्यवृत्त।**

संस्थान की राजभाषा कार्यान्वयन समिति व हिन्दी सलाहकार समिति की वित्तीय वर्ष 2022-23 की तृतीय तिमाही की संयुक्त बैठक दिनांक 20.12.2022 दोपहर 12.00 बजे प्रो0 रमा शंकर वर्मा, निदेशक, मोतीलाल नेहरू राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान इलाहाबाद की अध्यक्षता में संस्थान के सभागार में आयोजित की गयी।

**उक्त बैठक में निम्नलिखित सदस्य उपस्थित हुए:-**

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1. | प्रो0 रमा शंकर वर्मा, निदेशक | - | अध्यक्ष |
| 2. | प्रो0 नीरज त्यागी, आचार्य, संगणक विज्ञान एवं अभियांत्रिकी विभाग | - | उपाध्यक्ष |
| 3. | प्रो0 मनोज माधव गोरे, अधिष्ठाता (संकाय कल्याण) | - | सदस्य |
| 4. | प्रो0 गीतिका, अधिष्ठाता, (संसाधन जनन अंतर्राष्ट्रीय मामले) | - | सदस्य |
| 5. | प्रो0 रमा शंकर यादव, अधिष्ठाता (शोध एवं परामर्श) | - | सदस्य |
| 6. | प्रो0 रवि प्रकाश तिवारी, अधिष्ठाता (योजना एवं विकास) | - | सदस्य |
| 7. | प्रो0 राम अवध मिश्रा, विभागाध्यक्ष, सूक्ष्मकणिका एवं संचार अभियांत्रिकी विभाग | - | सदस्य |
| 8. | प्रो0 राजेश गुप्ता, विभागाध्यक्ष, विद्युत अभियांत्रिकी विभाग | - | सदस्य |
| 9. | प्रो0 कैलाश नाथ पाण्डेय, विभागाध्यक्ष, यांत्रिकी अभियांत्रिकी विभाग | - | सदस्य |
| 10. | प्रो0 धर्मेन्द्र कुमार यादव, विभागाध्यक्ष, संगणक विज्ञान एवं अभियांत्रिकी विभाग | - | सदस्य |
| 11. | प्रो0 प्रदीप कुमार मेहता, विभागाध्यक्ष, जानपद अभियांत्रिकी विभाग | - | सदस्य |
| 12. | प्रो0 वी.के. श्रीवास्तव, भौगोलिक सूचना प्रकोष्ठ प्रणाली | - | सदस्य |
| 13. | डा0 नरेश कुमार, विभागाध्यक्ष, भौतिकी विभाग | - | सदस्य |
| 14. | डा0 अभिषेक कुमार,विभागाध्यक्ष, प्रयुक्त यांत्रिकी विभाग | - | सदस्य |
| 15. | डा0 रवीन्द्र त्रिपाठी, विभागाध्यक्ष, मानविकी एवं सामाजिक विज्ञान विभाग | - | सदस्य |
| 16. | डा0 संगीता नेगी, विभागाध्यक्ष, जैव प्रौद्योगिकी विभाग | - | सदस्य |
| 17. | डा0 गोरखनाथ, विभागाध्यक्ष, गणित विभाग | - | सदस्य |
| 18. | डा0 सोमन डे, सहायक आचार्य (ग्रेड-I), प्रबंधन अध्ययन विभाग | - | सदस्य |
| 19. | डा0 रमेश पाण्डेय, कुलसचिव | - | सदस्य |

अध्यक्ष महोदय द्वारा सदस्यों के स्वागत उपरान्त बैठक की कार्यवाही प्रारम्भ हुई। बैठक में निम्न महत्वपूर्ण मदों पर विचार-विमर्श किया गया:-

**मदसं. 1: दिनांक 20 सितम्बर, 2022 को आयोजित बैठक के कार्यवृत्त की पुष्टि।**

राजभाषा कार्यान्वयन समिति की पिछली बैठक दिनांक 20 सितम्बर, 2022 को आयोजित की गई थी। बैठक का कार्यवृत्त अपेक्षित कार्रवाई के लिए समिति के समस्त सदस्यों के मध्य प्रसारित किया गया था। किसी भी सदस्य से कार्यवृत्त के सम्बन्ध में कोई टिप्पणी अथवा सुझाव प्राप्त न होने पर समिति द्वारा सर्वसम्मति से कार्यवृत्त की पुष्टि की गयी।

**मदसं. 2: संस्थान की हिंदी के प्रगामी प्रयोग से संबंधित तिमाही प्रगति रिपोर्ट की समीक्षा**

हिंदी अधिकारी श्री प्रकाश चंद्र मिश्र ने कार्यालयीन कार्यालयों में हिंदी के बढते प्रयोग एवं हिन्दी पत्राचार की स्थिति पर विभिन्न कार्यालयों/विभागों में हो रही प्रगति की विस्तृत समीक्षा प्रस्तुत की। जिन कार्यालयों में शत प्रतिशत अथवा 90% से अधिक कार्य हिन्दी में हो रहा है उन की प्रशंसा की गई तथा जिन कार्यालयों में हिंदी के कार्य में पिछली तिमाही के सापेक्ष कुछ कमी आयी है उन्हें विशेष प्रयास करने की अवश्यकता पर बल दिय ताकि आगे स्थिति सुखद हो सके।

पिछली तिमाही मे संस्थान का समेकित हिंदी पत्राचार 88.51% तक बढ़ने के लिए सभी विभागाध्यक्ष/अधिष्ठातागण/अनुभाग अधिकारी/प्रभारी के सफल प्रयास की सराहना की गई। बैठक में यह भी अपेक्षा व्यक्त की गई कि आंकड़े भेजने से पूर्व रिपोर्ट पर हस्ताक्षर करने वाले पदाधिकारी यह सुनिश्चित कर लें कि पिछली तिमाही के सापेक्ष वर्तमान स्थिति में सुधार हुआ है तथा आंकड़े पूर्णतया सही है।

समीक्षा के दौरान समिति को अवगत कराया गया कि पिछली तिमाही के दौरान संस्थान में फाइलों पर 82.44% टिप्पणियां हिंदी में लिखी गईं जो कि राजभाषा विभाग द्वारा निर्धारित 75% लक्ष्य से अधिक है। हिंदी अधिकारी ने इसके लिये सभी सदस्यों को बधाई दी तथा इसी प्रकार के प्रयास को जारी रखने का अनुरोध किया। साथ ही उन्होने यह भी सूचित किया है कि नराकास के अध्यक्ष होने के नाते संस्थान का दायित्व है कि हम राजभाषा के लक्ष्यो को प्राप्त करने का अनुकरणीय उदाहरण प्रस्तुत करें।

**मद सं. 3: धारा 3(3) एवं नियम 5 पर विचार-विमर्श :-**

आंकड़ों की समीक्षा के दौरान पाया गया कि विभिन्न गणमान्य सदस्यों के कार्यालयों / विभागों में राजभाषा अधिनियम की धारा 3(3) एवं नियम 5 का समुचित अनुपालन हो रहा है इस के लिए सभी सदस्यगण साधुवाद के पात्र है। इस बिन्दु पर आगे भी हमें बहुत सजग एवं सतर्क रहने की जरूरत है ताकि संस्थान में राजभाषा के प्रावधानों का समुचित अनुपालन होता रहे।

**मद सं. 4: हिंदी कार्यशाला का आयोजन**

वर्तमान तिमाही के दौरान संगणक विज्ञान एवं अभियांत्रिकी विभाग द्वारा दिनांक 27.12.2022 को हिंदी कार्यशाला का आयोजन निर्धारित है ।

समिति ने यह भी निर्णय लिया कि संस्थान के आगामी तिमाही (जनवरी से मार्च 2023) के दौरान हिंदी कार्यशाला का आयोजन, विद्युत अभियांत्रिकी विभाग के द्वारा कराया जाए।

मद सं. 5: अध्यक्ष महोदय की अनुमति से अन्य विषय

संस्थान के कुलसचिव महोदय ने पिछली तिमाही मे संस्थान के हिन्दी पत्राचार मे वृद्धि तथा हिन्दी टिप्पणी के लिए निर्धारित लक्ष्य को प्राप्त करने पर सभी विभागाध्यक्ष /अधिष्ठातागण /अनुभाग अधिकारी / प्रभारी को धन्यवाद दिया तथा इसी प्रयास को आगे भी जारी रखने की अपेक्षा व्यक्त की।

बैठक की पूर्णता के क्रम में अध्यक्ष महोदय एवं संस्थान के सभी गणमान्य सदस्यों के प्रति धन्यवाद के साथ बैठक सम्पन्न हुई।

रमेश पाण्डेय 05/01/23

(रमेश पाण्डेय)
कुलसचिव एवं सदस्य सचिव

रमाशंकर वर्मा 12/1/23

( रमा शंकर वर्मा)
निदेशक एवं अध्यक्ष